# पाठ 10. झलकारी का बलिदान

## पाठ का उद्देश्य

प्रस्तुत पाठ का उद्देश्य बच्चों को आज़ादी की लड़ाई में योगदान देने वाली वीरांगना झलकारी बाई के व्यक्तित्व से परिचित करवाना है। इस पाठ द्वारा बच्चे जान पाएँगे कि अंग्रेज़ों से आज़ादी की लड़ाई में किस प्रकार देश और झाँसी को बचाने के लिए झलकारी बाई ने अपना बलिदान दिया।

## पाठ का सारांश

आधी रात का समय है और झाँसी के किले पर रानी लक्ष्मीबाई अपने सेनापति के साथ खड़ी हैं। तभी एक सैनिक आकर सूचना देता है कि दुश्मन ने किले को चारों तरफ़ से घेर लिया है। रानी लक्ष्मीबाई सेनापति से पूछती है कि शत्रु इतनी जल्दी किले तक कैसे पहुँचा? सेनापति बताता है कि अपना तोपची दुल्हाजू अंग्रेज़ों से जा मिला और अंग्रेज़ों को किले के अंदर आने का रास्ता मिल गया। उसके बाद सेनापति रानी से आग्रह करता है कि आप जल्द से जल्द किले से बाहर हो जाएँ। दुश्मन को खबर भी नहीं होगी। रानी चिंतित होकर कहती हैं कि अंग्रेज़ अधिक समय तक बेखबर नहीं रहेगा। तभी झलकारी बाई रानी लक्ष्मीबाई के वेश में आती है और कहती है कि रानी के वेश में मैं दुश्मन को धोखे में रखूँगी। रानी लक्ष्मीबाई किले से बाहर चली जाती हैं। झाँसी के किले पर अंग्रेज़ों का कब्ज़ा हो जाता है। अंग्रेज़ी सेनापति ह्यूरोज अपने सैनिकों से कहते हैं कि हम जीत गए। रानी ने हार मान ली है और सुलह के लिए आने वाली है। उसके पश्चात रानी के वेश में झलकारी प्रवेश करती है। दुल्हाजू झलकारी बाई को पहचान लेता है और बताता है कि यह रानी नहीं बल्कि रानी की सहेली झलकारी है। उसके बाद झलकारी को सैनिकों ने कैद कर लिया और उस पर मुकदमा चलाया गया। झलकारी को मौत की सज़ा सुनाई गई। झलकारी ने कहा ये तो मेरे जीवन का सौभाग्य है। इस भूमि की सेवा करने का अवसर मिला। ये सुनकर न्यायाधीश भी अचंभित रह गया और उसने झलकारी के सामने अपना सिर झुका लिया और कहा कैसी वीर युवती है।

## अध्यापन संकेत

पाठ वाचन से पूर्व **पठन-पूर्व चर्चा** में पूछे गए प्रश्नों पर चर्चा करें। बच्चों को रानी लक्ष्मीबाई के बारें में बताएँ। झलकारी बाई जैसी अन्य वीरांगनाओं के बारे में चर्चा करें। बच्चों को देश की आज़ादी का महत्त्व भी बताएँ। बच्चों में पाठ में निहित जीवन-मूल्यों को विकसित करने का प्रयास करें।

**पाठ से संबंधित कुछ विशेष बातों पर बच्चों से विचार-विमर्श करें –**

- देश-प्रेम क्या होता है?
- बलिदान क्या होता है?
- किन-किन वीरों ने देश को आज़ाद करवाने के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया था?
- अंग्रेज़ों के समय के भारत और आज के भारत में क्या-क्या अंतर हैं?
- आप अपने देश की सेवा किस प्रकार करना चाहेंगे?

डिजिटल (Digital) के माध्यम से पाठ की ई-बुक विद्यार्थियों को दिखाकर पाठ के प्रत्येक अंग का स्पष्टीकरण कीजिए। गतिविधियों की दुनिया से परिचय भी कराइए।